पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 275 | हल्द्वानी | रविवार, 10 मई 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठ: 8

## एक नजर

### कुमौड़ में तेज रफ्तार बाइक पलटने से युवक की मौत

**पिथौरागढ़।** मुनस्यारी के रांथी गांव निवासी दो युवक कमल बसेड़ा और हिमांशु सिंह मपवाल पुलिस लाईन पिथौरागढ़ स्थित जोहार कॉलोनी में एक पार्टी में सम्मिलित होने जा रहे थे। कुमौड़ तिराहे में उनकी बाईक असंतुलित होकर पलट गई। जिससे दोनों घायल हो गए। हिमांशु मपवाल उम्र 22 वर्ष ने अस्पताल पहुंचाने से पहले ही दम तोड़ दिया। चालक कमल बसेड़ा के सिर, हाथ व पैर में चोट है। कमल छात्र है जबकि हिमांशु गांव में ही व्यापार करता था। कोतवाल ललित मोहन जोशी ने बताया कि बाइक बहुत रफ्तार में थी, सामने से वाहन आया तो चालक बाइक सम्हाल नहीं पाया और बाइक पलट गई। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

### 14 तक बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। बीते दिनों की राहत के बाद अब प्रदेश में बारिश, तेज हवाओं और ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 11 से 14 मई तक राज्य के कई जिलों में खराब मौसम को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का असर अधिक देखने को मिलेगा। राजधानी में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। वहीं ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। खराब मौसम को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बदलता मौसम पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और सड़क बाधित होने जैसी समस्याएं भी बढ़ा सकता है। प्रशासन ने आपदा प्रबंधन टीमों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। किसानों को अपनी तैयार फसलों और पशुधन की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम करने को कहा गया है, जबकि पर्यटकों और यात्रियों से मौसम अपडेट देखकर ही यात्रा करने की अपील की गई है।

# कुंभ समेत विकास योजनाओं को 256 करोड़ की सौगात

## धामी सरकार ने आपदा राहत, पेयजल और सड़क परियोजनाओं को दी बड़ी मंजूरी



**देहरादून।** पुष्कर सिंह धामी सरकार ने राज्य में विकास कार्यों और कुंभ मेला 2027 की तैयारियों को गति देने के लिए करीब 256 करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन, पुनर्निर्माण, पेयजल योजनाओं और सड़क सुधार कार्यों के लिए विभिन्न विभागों को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।

सरकार ने राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत सभी जिलों को राहत एवं बचाव कार्यों के लिए 3 करोड़ रुपये, पुनर्प्राप्ति एवं पुनर्निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये तथा तैयारी एवं क्षमता विकास के लिए 2 करोड़ रुपये देने का निर्णय लिया है। इस तरह प्रत्येक जिले को कुल 10 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके लिए कुल 130 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2026-27 में नॉन एसडीआरएफ मद के तहत आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण के लिए प्रत्येक जिलाधिकारी को 2 करोड़ रुपये देने की मंजूरी दी गई है। इस मद में कुल 26 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। कुंभ मेला 2027 को देखते हुए कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। राष्ट्रीय राजमार्ग-58 से औद्योगिक क्षेत्र तक चार लेन मार्ग के नवीनीकरण के लिए 2.72 करोड़ रुपये, पशुलोक बैराज मार्ग सुधार के लिए 2.13 करोड़ रुपये तथा बहादराबाद-रोहाल्की तिराहा से अलीपुर-सुकरासा-पथरी अम्बूवाला मार्ग के नवीनीकरण के लिए 1.36 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। देहरादून में पित्थूवाला शाखा के कमला पैलेस और जीएमएस रोड क्षेत्र में नलकूप निर्माण एवं वितरण प्रणाली के कार्यों के लिए 20.37 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। वहीं तिलवाड़ा पेयजल योजना हेतु 39.86 करोड़, पीपलकोटी योजना के लिए 24.38 करोड़ तथा हिण्डोलाखाल पम्पिंग पेयजल योजना के लिए 9.73 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही रुड़की नगर निगम क्षेत्र में सुनहरा मार्ग चौराहे का नाम बदलकर शहीद चौक किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई ।

## यमुनोत्री धाम में तमिलनाडु के श्रद्धालु की हार्टअटैक से मौत

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम यात्रा पर आए तमिलनाडु निवासी एक बुजुर्ग श्रद्धालु की शनिवार को हार्टअटैक से मौत हो गई। घटना के बाद यात्रा मार्ग पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार 82 वर्षीय शम्भू तमिलनाडु से यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए पहुंचे थे। दर्शन कर लौटते समय पैदल मार्ग पर नौ कैंची के पास अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा और वह बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्काल उन्हें जानकीचट्टी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अखिल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में श्रद्धालु की मौत हार्टअटैक से होना सामने आया है। गौरतलब है कि चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक यमुनोत्री धाम में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। अधिकांश मामलों में हृदयाघात को मौत का कारण बताया गया है। प्रशासन ने विशेष रूप से बुजुर्ग और बीमार श्रद्धालुओं से यात्रा पर आने से पहले स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की।

## फेल छात्र-छात्राओं को मिला दूसरा मौका, 24 मई तक करें आवेदन

**रामनगर।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत देते हुए परीक्षाफल सुधार परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्र-छात्राएं 24 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षाफल सुधार परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 8 मई से शुरू हो चुकी है। छात्र अपने आवेदन पत्र 20 मई तक जमा कर सकेंगे, जबकि विद्यालयों को ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए 24 मई तक का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। हाईस्कूल परीक्षा में अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सुधार परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में एक विषय में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी अंक सुधार परीक्षा दे सकेंगे। बोर्ड के अनुसार यह व्यवस्था उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगी जो अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं और बेहतर परिणाम हासिल करना चाहते हैं। इससे छात्र-छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने का एक और अवसर मिलेगा।

# थलापति विजय बने तमिलनाडु के नए सीएम



**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कड़गम के संस्थापक जोसेफ विजय प्रदेश के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में आज राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। तमिलनाडु में पहली बार किसी गैर-द्रविड़ पार्टी की सरकार बनी है। जोसेफ विजय की सरकार के गठन के साथ ही डीएमके और एआईएडीएमके का दशकों पुराना दबदबा खत्म हो गया। विजय के साथ 9 और मंत्रियों ने भी शपथ ली है। विजय को 13 मई तक विधानसभा में अपना बहुमत साबित करना होगा।

जोसेफ विजय के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। विजय के शपथ ग्रहण के दौरान दो बार वंदे मातरम् गाया गया, जिसने लोगों के दिल को जीत लिया है। सोशल मीडिया पर लोग विजय की तारीफ कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह नया तमिलनाडु है। विजय के शपथ ग्रहण की शुरुआत और समापन में पूरा राष्ट्र गीत वंदे मातरम् गाया गया।

# 1857 की विरासत से आज की चुनौतियों से लड़ने का आह्वान

**हल्द्वानी।** आज़ादी की पहली लड़ाई 1857 की वर्षगांठ पर हल्द्वानी में कॉम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया इंडिया लिबरेशन एवं ऐक्टू के संयुक्त तत्वावधान में आजादी की पहली लड़ाई की विरासत और आज के दौर की चुनौतियां विषय पर विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ऐक्टू कार्यालय में संपन्न हुआ।



वक्ताओं ने कहा कि 10 मई 1857 भारतीय इतिहास की वह ऐतिहासिक तारीख है, जिसने देश की जनता को बदलाव और आजादी का विचार दिया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष गंगा-जमुनी हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल था, जिसमें किसानों, सैनिकों और आम जनता ने ब्रिटिश उपनिवेशवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ी। इसी आंदोलन से भारतीय राष्ट्रवाद की मजबूत नींव पड़ी। वक्ताओं ने कहा कि 1857 की लड़ाई ने ब्रिटिश साम्राज्य की जड़ें हिला दी थीं, जिसके बाद अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई। उन्होंने आरोप लगाया कि आज भी देश में विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि कॉरपोरेट-साम्प्रदायिक फासीवाद और साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष के लिए 1857 की विरासत, कौमी एकता और शहादत के जज्बे को मजबूत करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की शुरुआत 1857 के अमर शहीदों को क्रांतिकारी सलाम के साथ की गई।

इस अवसर पर ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के.के. बोरा, भाकपा (माले) जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय, सनसेरा श्रमिक संगठन के उपाध्यक्ष धन सिंह गड़िया, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष नफीस अहमद खान, आकाश भारती, चंद्र सिंह, नरेंद्र बानी, गोकुल कुमार, आफताब आलम, रितिक कांत और हरीश सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किये।

# सम्पादकीय

## उत्तराखंड की राजनीति : चुनावी मौसम और बदलते सुर

उत्तराखंड में विधानसभा चुनावों में अभी छह माह से अधिक समय है, लेकिन प्रदेश की राजनीति ने अभी से चुनावी रंग पकड़ना शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे चुनाव करीब आते जा रहे हैं, वैसे-वैसे नेताओं के सुर बदलते दिखाई दे रहे हैं। सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धियों का बखान कर रहा है, तो विपक्ष सरकार की विफलताओं को जनता के बीच मुद्दा बनाने में जुट गया है। यह लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या चुनावी राजनीति वास्तव में जनता के मूल मुद्दों के इर्द-गिर्द घूम रही है, या फिर यह केवल सत्ता प्राप्ति की रणनीतियों तक सीमित होकर रह जाएगी। उत्तराखंड जैसे संवेदनशील और पहाड़ी राज्य में राजनीति का केंद्र हमेशा जनभावनाएं और स्थानीय समस्याएं रही हैं। बेरोजगारी, पलायन, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, सड़क और शिक्षा जैसी बुनियादी समस्याएं आज भी पहाड़ के बड़े हिस्से की वास्तविकता हैं। लेकिन हर चुनाव की तरह इस बार भी आशंका यही है कि कहीं ये मुद्दे राजनीतिक शोर में दबकर न रह जाएं। चुनाव नजदीक आते ही नेताओं की सक्रियता बढ़ना कोई नई बात नहीं है। गांव-गांव दौरे, जनसभाएं, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में उपस्थिति, जनता से सीधे संवाद,यह सब राजनीतिक जमीन मजबूत करने का हिस्सा है। कई नेता ऐसे भी हैं, जो लंबे समय से संगठन और क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने में लगे हुए हैं। वहीं कुछ नेता अवसर देखकर राजनीतिक समीकरण साधने में व्यस्त हैं। सत्ता पक्ष विकास योजनाओं, निवेश, पर्यटन, सड़क और बुनियादी ढांचे को अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। दूसरी ओर विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। लेकिन इन आरोप-प्रत्यारोपों के बीच सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि जनता के जीवन में वास्तविक परिवर्तन कितना आया है। उत्तराखंड की राजनीति में एक और प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है,व्यक्तित्व आधारित राजनीति। विचारधारा और नीतियों से अधिक अब चेहरे और राजनीतिक प्रभाव केंद्र में दिखाई देते हैं। इससे लोकतांत्रिक विमर्श कमजोर होता है और राजनीति मुद्दों की बजाय व्यक्तियों के इर्द-गिर्द सिमटने लगती है। प्रदेश की जनता अब पहले से अधिक जागरूक है। सोशल मीडिया और तेज सूचना तंत्र के दौर में मतदाता केवल भाषणों से प्रभावित होने वाला नहीं है। युवा वर्ग रोजगार और भविष्य की बात चाहता है, महिलाएं सुरक्षा और सुविधाओं की अपेक्षा रखती हैं, जबकि पहाड़ का आम नागरिक स्थायी विकास और बेहतर जीवन चाहता है। आने वाले महीनों में राजनीतिक बयानबाजी और तेज होगी, नए समीकरण बनेंगे, दल-बदल की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। लेकिन लोकतंत्र की असली ताकत जनता के विवेक में होती है। उत्तराखंड की जनता को यह तय करना होगा कि वह केवल नारों और भावनात्मक मुद्दों के आधार पर निर्णय करेगी या फिर विकास, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देगी। चुनाव लोकतंत्र का पर्व है, लेकिन यह पर्व तभी सार्थक होगा जब राजनीति सत्ता की लड़ाई से ऊपर उठकर जनता के विश्वास और प्रदेश के भविष्य की चिंता करें।

# संस्कारित और राष्ट्रनिष्ठ भारत की ओर एक निर्णायक पहल

**डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी**




आज का समय अभूतपूर्व संभावनाओं के साथ-साथ गंभीर चुनौतियों का भी समय है। समाज में नैतिक मूल्यों का क्षरण, बढ़ता भ्रष्टाचार, स्वार्थपरता तथा निराशावादी सोच राष्ट्र की प्रगति में बाधक बन रही है। ऐसे परिवेश में चरित्रवान, कर्तव्यनिष्ठ और राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों का निर्माण ही एक सशक्त भारत की आधारशिला रख सकता है। इसी महान उद्देश्य को लेकर डॉ. अतुल कृष्ण द्वारा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान का संचालन किया जा रहा है।डॉ. अतुल कृष्ण एक दूरदर्शी शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं सुभारती समूह के संस्थापक हैं, जिनका शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा है। उनके नेतृत्व में स्थापित संस्थानों ने हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की है तथा असंख्य लोगों को सुलभ एवं समर्पित स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई हैं। उनका मानना है कि केवल शिक्षित होना पर्याप्त नहीं, बल्कि संस्कारित और चरित्रवान होना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण का आधार है। डॉ. अतुल कृष्ण जी स्वयं इस अभियान की कमान संभालते हुए देशभर में युवाओं और विद्यार्थियों के भीतर राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की ज्योति प्रज्वलित करने का कार्य कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में हम सभी सहयोगियों—जिनमें रघुनाथ सिंह एवं जगदीश गुप्ता जैसे समर्पित सदस्य भी शामिल हैं—ने इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया है।

मुझे उत्तराखंड में इस अभियान के निदेशक के रूप में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस क्रम में हमारी टीम द्वारा उत्तराखंड के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुल मिलाकर अब तक 101 से अधिक विद्यालयों में पहुँच बनाते हुए लगभग 50,000 से अधिक छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया है।

इन 101 विद्यालयों में जहाँ यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है, वहाँ के प्रधानाचार्यों एवं प्रबंधकों को सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण जी के करकमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान न केवल उनके सहयोग की सराहना है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के इस महायज्ञ में उनकी सक्रिय भागीदारी का गौरवपूर्ण प्रतीक भी है।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के भीतर राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जागृत करने का सतत प्रयास किया गया। कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं को देश की स्वतंत्रता के महान क्रांतिकारियों—जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को स्वतंत्र कराया—के त्याग, बलिदान और संघर्ष की गाथाओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया जा रहा है। उन्हें यह समझाया गया कि आज की स्वतंत्रता अनगिनत बलिदानों की अमूल्य विरासत है, जिसे सहेजना और सशक्त बनाना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

इसी के साथ विद्यार्थियों के मन में राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम के सिद्धांत को गहराई से स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन का मूल मंत्र है—जहाँ व्यक्ति अपने प्रत्येक निर्णय, विचार और कर्म में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखता है। जब व्यक्ति अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्र की गरिमा, एकता और प्रगति को प्राथमिकता देता है, तभी एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण संभव होता है।

छात्र-छात्राओं को अच्छे संस्कारों, नैतिक मूल्यों और अनुशासित जीवन शैली के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें यह शपथ दिलाई जा रही है कि वे अपने जीवन में जो भी कार्य करेंगे, उसमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे तथा किसी भी प्रकार के अनैतिक कार्य से स्वयं को दूर रखेंगे।

यह प्रयास उन्हें केवल सफल ही नहीं, बल्कि आदर्श नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। इस अभियान की सफलता में विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने न केवल इस पहल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया, बल्कि यह भी स्वीकार किया कि शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उनका मानना है कि यदि विद्यार्थियों में देशभक्ति, नैतिकता और कर्तव्यपरायणता का विकास किया जाए, तो वे निश्चित रूप से राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता बनेंगे।

आज जब समाज में में की भावना हम पर हावी होती जा रही है, तब यह अभियान एक नई चेतना का संचार कर रहा है। यह विद्यार्थियों को सिखाता है कि व्यक्तिगत सफलता तभी सार्थक है, जब वह राष्ट्र के उत्थान में सहायक हो।

डॉ. अतुल कृष्ण जी का यह दृष्टिकोण वास्तव में दूरदर्शी और प्रेरणादायक है कि राष्ट्र निर्माण की वास्तविक शुरुआत विद्यालयों से ही होती है। उनके नेतृत्व में यह अभियान एक जनांदोलन का रूप लेता जा रहा है, जो आने वाले समय में भारत को एक सशक्त, संस्कारित और चरित्रवान राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। **जय हिंद! जय भारत! वंदे मातरम्! लेखकः डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी निदेशक, राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान, देहरादून**

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर विधायक ने मनाया जश्न

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**रुद्रपुर।** पश्चिम बंगाल मे भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे प्रचंड विजय के बाद बंगाल लाखो कार्यकर्ता के संघर्ष के प्रणाम स्वरूप प्रचंड विजय हासिल की है तो वही आज पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर व भाजपा की सरकार बनने पर विधायक शिव अरोरा ने मुखर्जी नगर में बंगाली समाज के लोगों व महिलाओं के साथ एक दूसरे को झालमुड़ी खिलाकर खुशी का इजहार किया।

विधायक शिव अरोरा ने सभी महिलाओं बुजुर्गों को अपने हाथों से झालमुड़ी खिलाकर इस अकल्पनीय खुशी को इजहार किया।विधायक शिव अरोरा बोले बंगाल की जनता तृणमूल कांग्रेस की अराजकता व गुंडो से तराई तराई कर चुकी थी जहां आए दिन खुलेआम लोगों की हत्या की जा रही थी बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं को सरेआम सड़कों पर मारा जा रहा था और सामान्य आदमी का जीवन व्यतीत करना कठिन हो गया था उस तानाशाही ममता सरकार के खिलाफ आक्रोश भारतीय जनता पार्टी को मिले प्रचंड जनादेश के रूप में जनता ने दिखाया ।

विधायक अरोरा ने कहा आज मुखर्जी नगर में कार्यकर्ताओं और बंगाली समाज के लोगों के साथ बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर झालमुरी खिलाकर खुशी का इजहार किया।विधायक बोले देश की जनता का विश्वास नरेंद्र मोदी के साथ है इसलिए देश के अधिकांश राज्यों मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार है उत्तराखंड मे भी पुन: तीसरी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।इस दौरान मुखर्जी नगर पार्षद प्रतिनिधि भाजपा महामंत्री राधेश शर्मा, हरीश गाईन, पार्षद कुसुम शर्मा, खोखन साना, बलाई विश्वास, श्यामल, रंग, निरपद सरदार, परितोष मंडल, रवि सरकार, प्रसद मंडल, चंदन प्रजापति, जयराम प्रजापति आदि मौजूद रहें।

## आपका सुझाव - हमारी दिशा

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordailyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


## आवश्यकता है

**हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋषिकेश आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।**

**E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com**

**मोबा. 9927213408, 8279487735**



**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

**E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com**

# स्वतंत्रता सेनानी स्व. जोगाराम की मूर्ति का पूर्व विस अध्यक्ष कुंजवाल ने किया अनावरण



**अल्मोड़ा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय जोगाराम आर्य की मूर्ति अनावरण समारोह उनके पैतृक गाँव राजकीय इंटर कॉलेज गंगानगर मोतिया पाथर में संपन्न हुआ। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने वीसी के माध्यम से संबोधित किया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल रहे। उन्होंने कहा की जोगाराम आर्य जैसे व्यक्ति जिन्होंने समाज में व्याप्त जातिवाद, अशिक्षा, आदि के लिए किशोरावस्था से ही जन जागरण अभियान चलाए , उत्तराखंड के सुदूर क्षेत्रों में आज़ादी के आंदोलन की अलख जगाई, उनका दलित वंचित समाज के उत्थान में अहम योगदान रहा ।कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जोगाराम आर्य के राष्ट्रसेवा, संघर्ष, सामाजिक चेतना एवं जनकल्याण के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रमेश चंद्र आर्य द्वारा की गई इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संग्राम समिति (रजि) दिल्ली के महामंत्री अप्पाराव एस. नावले रहे जिनका मूर्ति निर्माण में विशेष योगदान रहा विशेष आमंत्रित अतिथियों में अखिल भारतीय शहीद एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महापरिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ( उत्तराखंड)अवधेश पंत , अखिल भारतीय शहीद एवं सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद से उपाध्यक्ष( पंजाब ) गुरिंदर पाल सिंह , अजीत पाल सिंह तथा अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार महापरिषद अध्यक्ष दिल्ली से नित्यानंद शर्मा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जोगाराम आर्य के राष्ट्रसेवा, संघर्ष, सामाजिक चेतना एवं जनकल्याण के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उपस्थित अतिथियों ने नई पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

राजकीय इंटर कॉलेज गंगानगर मोतियापाथर के प्रधानाचार्य चारुचंद पंत द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु दिए गए विशेष सहयोग एवं आत्मीय संदेश के लिए आयोजकों ने उनका विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी के आर आर्य द्वारा किया गया । कार्यक्रम की आयोजक स्व 0 सेनानी जोगाराम आर्य की सुपुत्री एवं अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी समिति (रजि ) दिल्ली की अध्यक्ष ( महिला)डॉ. आशा लाल ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्रवासियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर स्व. सेनानी जोगाराम आर्य के परिजन, इन्द्र लाल, आहित्य मिहिर, रमेश चंद्र आर्य , इंजी. मदन लाल ( रिटा) इंजी. इंद्र लाल (रिटा) आर्य दीप चंद्र आर्य आयुक्त ( रेलवे)के आर आर्य मनोहर लाल मुकेश कुमार ,आदित्य मिहिर , संजय कुमार ,कमला आर्य, विमला आर्य, शशि आर्य ,विम्मी आर्य, स्वाति सोलंकी, मनोज आर्य,अन्वेषा ,अमीषा उर्मी रैना, कंचन, वैभव, पंकज आदि उपस्थित रहे।

# भाजयुमो के जिला प्रभारी व जिला सहप्रभारी के नामों की घोषणा

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की संस्तुति और भाजयुमो मोर्चा प्रभारी आदित्य चौहान के परामर्श के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष विपुल मैनदोली ने उत्तराखंड भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला प्रभारी और जिला सह प्रभारी के नामों की घोषणा कर दी है। उन्होंने उधम सिंह नगर के जिला प्रभारी रोहित ओझा और जिला सह प्रभारी अक्षय शाह,काशीपुर के दीपांशु विद्यार्थी शर्मा और नीलकंठ राणा, नैनीताल के सतीश भट्ट और शौर्य चौहान, चंपावत के शुभम चंद्र और शशांक बिष्ट अल्मोड़ा के पूरन नगरकोटी, और दीपक उप्रेती ,रानीखेत के गौरव जोशी और दीपक कुमार, बागेश्वर के कार्तिक हरबोला और पावस जोशी, पिथौरागढ़ के गौरव पांडे और मयंक अग्रवाल, कोटद्वार के अजय उनियाल और नवीन गोसाई, पौड़ी के आर्यन देव और प्रदीप राणा, रुड़की के शुभम सेमलटी और अरविंद चौहान, हरिद्वार के उत्कर्ष गुप्ता और मनोज गौनियाल, ऋषिकेश के देवेंद्र बिष्ट और गोविंद पाल, देहरादून महानगर के गौरव कौशिक और संजय तोमर ,देहरादून ग्रामीण के विक्रम भुल्लर और मनीष सैनी ,टिहरी के गिरीश भट्ट और कल्याण चौहान, उत्तरकाशी से प्रगति रावत और हिमांशु भट्ट को जिला व जिला सह प्रभारी मनोनीत किया है। इसके अलावा चमोली से अमित मैखुरी और रुद्रप्रयाग से मयूर भट्ट को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को जो दायित्व सौंपा गया है वह उसकी पूरी कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

# काउंसलिंग सेशन चाय पर चर्चा का हुआ आयोजन




**पिथौरागढ़।** आहा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी पिथौरागढ़ के तत्वावधान में ऐंचोली क्षेत्र की महिलाओं हेतु काउंसलिंग सेशन चाय पर चर्चा का आयोजन किया गया। दो सत्रों में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में ऐंचोली क्षेत्र की महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रथम सत्र में साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर विशेष पुलिस अधिकारी व साईबर एक्सपर्ट डॉ. नीरज चंद्र जोशी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय सत्र में महिलाओं पर घरेलू हिंसा अधिकार व अधिनियम विषय पर एडवोकेट रचना शर्मा द्वारा महत्वपूर्ण व उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

महिलाओं को सोशल मीडिया पर हो रहे फ्रॉड व सोशल नेटवर्किंग अकाउंट को सुरक्षित रखने की जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं के प्रति मानसिक, सामाजिक तथा शारीरिक उत्पीड़न में लगने वाली धाराओं व अधिकारों के विषय में जानकारी सरल शब्दों में प्रदान की गई। आहा समिति की अध्यक्ष अनिता जोशी ने इसे महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण उपयोगी कार्यक्रम बताया। उन्होंने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर तथा पौधा भेंट कर के सम्मानित किया तथा सामाजिक उत्थान में महिलाओं से महत्वपूर्ण भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य मौजूद रहे तथा नेहा जोशी, नीलिमा जोशी, उमा पाटनी अवनि, खुशनुमा, निर्मला चंद, अंजलि बिष्ट सहित लगभग दो दर्जन महिलाओं ने प्रतिभाग किया। सभी ने चर्चा सत्र की सराहना करते हुए इसे एक विशेष व उपयोगी काउंसलिंग सेशन बताया।

## मातृ दिवस पर बच्चों ने उकेरे भावना के रंग

**अल्मोड़ा।** नगर के स्प्रिंग डेल्स स्कूल में दृश्य कला संकाय के तत्वावधान में एक दिवसीय कला प्रदर्शनी एवं कला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें कला के विभिन्न आयामों से परिचित कराना था। प्रदर्शनी दृश्य कला संकाय के तरुण शर्मा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यक्रम को वीरेंद्र जोशी, रीतम धामी, अमन लटवाल, गौरव पांडे और पवन सामंत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। वहीं मदर्स डे थीम पर आधारित प्रतियोगिता के परिणाम में विद्यार्थियों ने कैनवास पर माँ के प्रति अपने प्रेम और भावनाओं को रंगों के माध्यम से जीवंत किया। कड़े मुकाबले के बीच निर्णायक मंडल ने विजेताओं की घोषणा की- जिससे प्रथम स्थान भाविका चंद्रा,ड़द्वितीय स्थान- निहारिका पंचोली,तृतीय स्थान कोमल भाकुनी,सांत्वना पुरस्कार- प्रियांशी बिष्ट रही। विद्यालय के शैक्षणिक प्रमुख विपुल कार्की ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें भविष्य में कला को एक विषय और करियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योत्स्ना सोहनलाल ने दृश्य कला विभाग की इस अनूठी पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है।

## मातृ दिवस पर मटीलाधूरा विद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अल्मोड़ा।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय मटीलाधूरा में शनिवार को मातृ दिवस उत्साह और भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। रविवार को अवकाश होने के कारण विद्यालय परिवार ने मातृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन एक दिन पहले किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ हुआ। विद्यालय में उपस्थित माताओं और अभिभावकों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने माताओं के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, कविताएं और भाषण शामिल रहे। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के त्याग, स्नेह और ममता को दर्शाया। विद्यालय के नन्हे बच्चों द्वारा तैयार किए गए ग्रीटिंग कार्ड आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने चित्रों और संदेशों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान मातृ दिवस विषय पर विशेष दीवार पत्रिका भी प्रकाशित की गई, जिसमें प्रेरणादायक विचार, कविताएं और चित्र शामिल किए गए। बच्चों की चित्रकला प्रदर्शनी की भी सराहना की गई। विद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम में उपस्थित माताओं को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। बच्चों की प्रस्तुतियां देखकर कई अभिभावक भावुक नजर आए। प्रधानाध्यापक भास्कर जोशी ने कहा कि मां परिवार की आधारशिला होने के साथ बच्चों की प्रथम गुरु भी होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता का सम्मान करने और उनके संस्कारों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

## यूरिया की कालाबाजारी रोकने के लिए प्लाईवुड फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** यूरिया की कालाबाजारी रोकने के लिए रूद्रपुर स्थित सिडकुल मे प्लाई वुड फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण सिडकुल महाप्रबंधक/उपजिलाधिकारी रूद्रपुर मनीष सिंह विष्ट के साथ किया। निरीक्षण के समय उनके भण्डार का सत्यापन किया गया और उनके द्वारा प्रयोग की जा रही टेक्निकल ग्रेड यूरिया के क्रय विलो और स्टाक का मिलान किया गया। भविष्य में प्लाई वुड फैक्टरियो के प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कृषि मे प्रयोग के लिए भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही यूरिया का उपयोग यदि किसी औधोगिक इकाई द्वारा किया जायेगा तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत विधिक कार्रवाई की जायेगी। कृषको के लिए कृषि उपज वढाने के लिए भारत सरकार द्वारा नीम कोटेड यूरिया( 45किलोग्राम वजन के एक वैग का विक्रय मूल्य रूपए 266.50/वैग हैं)अनुदान पर उपलब्ध कराई जाती हैं जबकि औधोगिक इकाईयो में प्रयोग के लिए गैर अनुदानित टेक्निकल ग्रेड यूरिया ( 50 किलोग्राम के एक वैग का वाजार मूल्य रूपए 3500/ वैग हैं )वाजार में उपलब्ध हैं। जनपद के समस्त कृषक भाईयो से अनुरोध हैं कि यदि वह कही भी अनुदानित यूरिया का अन्य किसी औधोगिक इकाई में प्रयोग होते हुए देखते हैं तो तत्काल कृषि विभाग या स्थानीय पुलिस को सूचित करने का कष्ट करे जिससे सम्बन्धित के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जा सके।यह जानकारी डॉक्टर विकेश कुमार सिंह यादव मुख्य कृषि अधिकारी उधम सिंह नगर ने दी।

## पीजी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेश शुरू

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** राजकीय पीजी महाविद्यालय सितारगंज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 1 मई 2026 से कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर दिए गए हैं। शनिवार को महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि कला संकाय की 480 सीट, विज्ञान संकाय के जेडबीसी में 80 सीट, पीसीएम में 80 सीट, वाणिज्य संकाय में 160 सीट में प्रवेश दिए जाएंगे। प्रवेश प्रक्रिया मेरिट के आधार पर ही संपन्न कराई जाएगी। यह भी बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 मई 2026 निर्धारित की गई है।

# खंडूसैंण-बबोलीधार सड़क निर्माण पर फिर उठा सवाल

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**
**पौड़ी गढ़वाल।** ब्लॉक मुख्यालय कोट क्षेत्र में खंडूसैंण से बबोलीधार तक बन रही सड़क एक बार फिर विवादों में आ गई है। करीब 18 साल बाद बन रही इस सड़क का डामरीकरण कार्य हाल ही में दोबारा शुरू किया गया था, लेकिन बारिश के बाद कई जगहों पर सड़क उखड़ने लगी, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने के कुछ समय बाद ही जगह-जगह डामर उखड़ने लगा और गुणवत्ता की पोल खुल गई। इसी को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर आगे का निर्माण कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक पहले से खराब हो चुके हिस्सों को सही तरीके से नहीं बनाया जाएगा, तब तक सड़क का काम आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। मौके पर करीब तीन से चार घंटे तक ग्रामीणों और ठेकेदार के बीच बातचीत चली।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीछे बनी सड़क खराब होती जा रही है और निर्माण एजेंसी आगे नया काम करती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना था कि पहले खराब हिस्सों की मरम्मत होनी चाहिए, उसके बाद ही आगे डामरीकरण किया जाए। बाद में ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि जहां-जहां सड़क खराब हुई है, वहां पहले सुधार कार्य कराया जाएगा और उसके बाद ही आगे निर्माण किया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद मामला शांत हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र की लंबे समय से मांग रही है और लगभग 18 साल बाद सड़क बन रही है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि जितनी बार सड़क का निर्माण शुरू होता है, उतनी बार गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो जाते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि न तो अधिकारी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं और न ही निर्माण कार्य की गंभीरता से निगरानी की जा रही है। वहीं ठेकेदार अधिकारियों पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं और अधिकारी ठेकेदार पर आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता न हो, ताकि क्षेत्र की जनता को एक टिकाऊ और सुरक्षित सड़क मिल सके।

इस दौरान अक्षय रावत, अनिल रावत, विकास रौथाण, सुधीर बिष्ट, तेज सिंह, सजन सिंह, सुशांत सहित अन्य ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# सड़क में डामरीकरण में गुणवत्ता नही होने से विधायक खफा



**बागेश्वर।** कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने बालीघाट-दोफाड़-घरमघर मोटर मार्ग पर चल रहे डामरीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और मानकों की जांच की। निरीक्षण में कुछ स्थानों पर खामियां मिलने पर विधायक ने कार्यदायी संस्था और ठेकेदार को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं की आधारशिला होती हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए और कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा हो।उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि डामरीकरण के दौरान वाहन चलाने में जल्दबाजी न करें। कहा कि डामर सही तरीके से बैठने पर सड़क की उम्र लंबी होती है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

# शादी को यादगार बना रहा 'समलौण' अभियान

**पौड़ी गढ़वाल( अंकित उनियाल )।** पौड़ी गढ़वाल में समलौण अभियान के तहत विवाह समारोहों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की अनूठी पहल लगातार जन आंदोलन का रूप ले रही है। विकास खण्ड पाबो एवं थलीसैंण के विभिन्न गांवों में नव दम्पतियों ने विवाह के उपरांत फलदार पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। विकास खण्ड पाबो की पट्टी बाली कण्डारस्यूड़ के ग्राम ढौर में नव दम्पति अंकित एवं मेघा ने घर के आंगन में सेब का समलौण पौधा रोपा। पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी मेघा ने ली। कार्यक्रम का संचालन समलौण सेना नायिका जसमति देवी ने किया। उन्होंने कहा कि समलौण अब केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि जन आंदोलन बन चुका है, जो लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस पहल की प्रेरणा शिक्षक बीरेंद्र दत्त गोदियाल से मिली, जिनके मार्गदर्शन में विद्यालयों में जन्मदिवस के अवसर पर भी पौधारोपण किया जाता रहा है। इसी क्रम में ग्राम सैड़जी में नव दम्पति रविन्द्र एवं मोनिका ने संतरे का समलौण पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधे की




देखरेख की जिम्मेदारी दूल्हे की माता भाना देवी ने ली। कार्यक्रम का संचालन समलौण सेना नायिका गीता देवी ने किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण धरती के प्रति हमारा दायित्व है और प्रत्येक संस्कार के अवसर पर पौधारोपण किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं एवं समलौण सेना की सदस्याओं ने भी सहभागिता की। परिवार की ओर से समलौण सेना को प्रोत्साहन स्वरूप 500 रुपये की नगद राशि भेंट की गई। वहीं विकास खण्ड थलीसैंण की पट्टी कण्डारस्यूड़ के ग्राम कोटी में नव दम्पति अंकित एवं रश्मि ने मौसमी का समलौण पौधा रोपा। पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी दुल्हन की माता ने ली। कार्यक्रम का संचालन समलौण सेना नायिका हेमन्ती देवी ने किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में सजीव एवं निर्जीव घटकों का गहरा संबंध है और पेड़-पौधों का संरक्षण जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से वनों को आग से बचाने तथा प्रत्येक शुभ अवसर पर समलौण पौधारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर समलौण सेना की सदस्याओं एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। परिवार की ओर से समलौण सेना को 750 रुपये की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में समलौण अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त माध्यम बनता जा रहा है।

# नशे के कारोबार का वांछित गैंग लीडर गिरफ्तार



**उत्तरकाशी ( मोहन सिंह राणा )।** थाना मोरी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लगातार संलिप्त रहने वाले गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित गैंग लीडर को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। जनपद में नशे के कारोबार एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत उत्तरकाशी पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ तथा अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए लगातार सख्त एक्शन लिया जा रहा है। थाना मोरी पुलिस द्वारा सितंबर 2025 में थाना मोरी क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार में लगातार संलिप्त रहने पर गैंग लीडर चैन सिंह सहित 3 अभियुक्तो के विरुद्ध धारा 2ख(ii)/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 (गैंगस्टर एक्ट) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियोग दर्ज होने के बाद से ही पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन आरोपी लगातार पुलिस से बचते हुए फरार चल रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट चंचल शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मोरी, दीपक रावत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा पतारसी-सुरागरसी एवं सटीक सूचना संकलन करते हुए कल 8 मई 2026 की देर सांय दबिश देकर गैंग लीडर चैन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त चैन सिंह पुत्र जयेन्द्र सिंह, निवासी - नैटवाड़ है।

# पेंशन हुंकार रैली को लेकर मोर्चा ने तेज किया प्रचार

**गोपेश्वर( चमोली )।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने आगामी 24 मई 2026 को आयोजित होने वाली पेंशन हुंकार रैली को सफल बनाने के लिए प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में मोर्चा पदाधिकारियों ने गोपेश्वर में उत्तराखण्ड कांग्रेस प्रभारी एवं नेता प्रतिपक्ष को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष सतीश कुमार, महासचिव दिनेश चन्द्र नेगी, कोषाध्यक्ष जगत सिंह फरसवान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने विपक्ष के समक्ष पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई। उत्तराखण्ड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने कहा कि यदि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है तो राजस्थान



और हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखण्ड में भी पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाएगी। जिलाध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा लगातार कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मुख्य मांग पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली है और जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों से 24 मई की पेंशन हुंकार रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। महासचिव दिनेश चन्द्र नेगी ने कहा कि जब एक दिन के विधायक और सांसद को पेंशन मिल सकती है, तो 35-40 वर्षों तक सेवा देने वाले कर्मचारियों को पुरानी पेंशन से वंचित रखना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए आगामी विधानसभा चुनाव तक संघर्ष जारी रखेंगे। कोषाध्यक्ष जगत सिंह फरसवान ने कर्मचारियों से एकजुट होकर रैली को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि कर्मचारियों की सबसे बड़ी ताकत उनकी एकता है।



# नशामुक्त विवाह बना सामाजिक प्रेरणा, नवदंपति को किया सम्मानित

**चम्बा ।** नगर पालिका क्षेत्र के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रदीप सकलानी का विवाह समारोह पूरी तरह नशामुक्त वातावरण में संपन्न हुआ। विवाह में शराब परोसने से इंकार कर परिवार ने समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया। इस अवसर पर शराब नहीं संस्कार मुहिम के प्रणेता सुशील बहुगुणा द्वारा नवदंपति प्रदीप सकलानी एवं दीपिका नौटियाल को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। सुशील बहुगुणा ने कहा कि आज समाज में बढ़ती सामाजिक बुराइयों के बीच नशामुक्त विवाह एक प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी यदि संस्कारयुक्त एवं सादगीपूर्ण विवाह को अपनाए तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। उन्होंने कहा कि शराब नहीं संस्कार मुहिम का उद्देश्य केवल शराब का विरोध नहीं बल्कि परिवार, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करना है। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रदीप सकलानी ने कहा कि विवाह जीवन का पवित्र संस्कार है और इसे नशे से दूर रखकर संपन्न करना उनका संकल्प था।

उन्होंने कहा कि विवाह समारोह में शामिल लोगों ने भी इस पहल की सराहना की, जिससे उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा मिली। वर पक्ष के पिता भरत सकलानी ने कहा कि परिवार ने आपसी सहमति से नशामुक्त विवाह का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि शादी जैसे शुभ अवसरों पर फिजूलखर्ची और नशे की परंपरा को समाप्त कर संस्कारों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नवदंपति को शुभकामनाएं देते हुए नशामुक्त विवाह अभियान को समाज के लिए सराहनीय पहल बताया।

# सुरक्षा का एहसास, अपनेपन के साथ

**उत्तरकाशी ।** चारधाम यात्रा पर आए दिल्ली निवासी श्रद्धालु राकेश कुमार अपने परिवार के साथ गंगोत्री धाम जा रहे थे। इसी दौरान दिनांक 08/05/2026 की प्रातः गंगोत्री हाईवे स्थित गणेशपुर पेट्रोल पंप के पास उनकी गाड़ी से एक बैग गिर गया, जिसमें मोबाइल फोन एवं रू20,000 से अधिक की नकदी रखी



हुई थी। मौके पर ड्यूटी में तैनात उत्तरकाशी पुलिस के जवान सुधीर डंगवाल, होमगार्ड विजयपाल एवं पीआरडी ओमप्रकाश द्वारा तत्काल श्रद्धालु से संपर्क स्थापित किया गया तथा गंगोत्री धाम से वापस लौटते समय उनका बैग नकदी एवं मोबाइल फोन सहित सकुशल वापस सौंप दिया गया। अपना खोया सामान सुरक्षित वापस पाकर श्रद्धालु एवं उनके परिवार ने उत्तराखण्ड पुलिस की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# उक्रांद ने प्रदेश सरकार का किया पुतला दहन

**बागेश्वर** ,प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर उत्तराखंड क्रांति दल ने कड़ी आपत्ति जताई है।साथ ही सरकार द्वारा अपने प्रचार हेतु करोड़ों अरबों रुपए प्रचार सामग्री में खर्च करने, से नाराज कार्यकर्ताओं ने नगर में प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने भ्रष्टाचार दूर करने तथा कानून व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष मनोज जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कपकोट मार्ग पर पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उत्तरखंड प्रदेश में अपराधों का ग्राफ बढ़ गया है। अराजकता व बिगड़ती कानून व्यवस्था से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सड़कों में इन दिनों जो भी डामर हो रहा है। उसकी गुणवत्ता मानकों के अनुसार नहीं है।जहा भी डामरीकरण हो रहा है वे कमीशनखोरी के चलते मात्रानुसार विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के चलते




घटिया डामरीकरण कर रहे हैं, जो दो ही दिन में उखड़ने लग जाता है। एनएच 309 में इन दिनों ताकुला से बागेश्वर तक काम हो रहा है। लेकिन यहां भी मनमानी हो रही है।

नगर क्षेत्र में भी बायपास स ?को का निर्माण सहित अन्य स्थानों में डामरीकरण की गुणवत्ता ठीक नहीं है।जबकि कागजों में गुणवत्ता दिखाई जाती है, सरकार पैसा विभागों को देती है पर सरकारी दलाल पर्दे के पीछे से कमीशन कमाने में मस्त रहते हैं, उन्होंने स ?क निर्माण में चल रहे कार्यो की गुणवत्ता हेतु जिलाधिकारी से इसकी समय समय पर अधिकारियों से जांच और जांच में कोताही बरतने वाले विभागीय अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकियां लोगों को सुविधा नहीं दे पा रही हैं।फिर भी राज्य और केंद्र की डबल इंजन की सरकार योजना बनने से पहले ही उपभोक्ताओं से पैसा वसूलने में जुट गई है, और केंद्र सरकार हर घर को स्वच्छ जल देने का खाली दावा कर रही है, योजनाओं के निर्माण के बाद भी ठेकेदार कार्य का भुगतान को तरस रहे हैं, जिससे जल जीवन मिशन भी प्रभावित हुआ है।इसके बाद उन्होंने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। इस मौके पर विनोद साह, इंद्र सिंह, पूरन रावत, लाल सिंह, बलवंत सिंह, मंगल सिंह धपोला, राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## नशामुक्त शादी समारोह आयोजित करने पर किया सम्मानित



**लंबगांव।** प्रतापनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत भरपुर स्यालगी निवासी शिव सिह कलूडा द्वारा अपने सुपुत्र संदीप व बैल्डोगी निवासी कौशल्या देवी द्वारा अपनी सुपुत्री हिमानी की मेहंदी व विवाह समारोह को नशामुक्त रूप से आयोजित करने उत्तराखंड देवभूमि नशामुक्त मोर्चा द्वारा उन्हे प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया 7 एंव 8 मई को चि0 संदीप आयु0 हिमानी की संपन्न हुई शादी समारोह मे वर पक्ष से शिव सिह कलूडा व कन्या पक्ष से ग्राम पंचायत बैल्डोगी निवासी कौशल्या देवी पत्नी स्वर्गीय रणवीर सिह कंडियाल द्वारा अपने पाल्यों की मेहंदी एंव विवाह समारोह मे कॉकटेल पार्टी का आयोजन नहीं किया गया जिसके लिए उत्तराखंड देवभूमि नशामुक्त मार्चा के पदाधिकारी व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार व पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युद्धवीर राणा द्वारा उन्हे प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया और इसे एक सराहनीय पहल बताया इस अवसर पर उन्होने कहा कि ने कहा कि वर्तमान समय में शादी समारोहों में शराब का बढ़ता प्रचलन समाज के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है इससे नई पीढ़ी पर गलत प्रभाव पड़ रहा है तथा सामाजिक वातावरण भी दूषित हो रहा है ऐसे समय में दोनों परिवारों द्वारा नशामुक्त विवाह समारोह आयोजित कर समाज को एक सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया गया है और कहा कि यदि समाज के अन्य लोग भी इस प्रकार की पहल करें तो आने वाली पीढ़ियों को नशे की प्रवृत्ति से बचाया जा सकता है साथ ही इस पहल से सामाजिक संस्कारों को भी मजबूती मिलेगी इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य खुशहाल सिह रावत, रामदेव कलूडा ,बुद्धपाल बिष्ट, धनवीर कलूडा, संदीप कलूडा ,मुकेश कलूडा आदि मौजूद थे।

# भाजपा ने कांग्रेस का किया पुतला दहन

बागेश्वर,भाजपा महिला मोर्चा ने गत दिनों कांग्रेस द्वारा भाजपा और प्रदेश सरकार का पुतला फूंकने की घटना की निंदा की। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो गई है। बगैर किसी बात को राजनीतिक रूप देने का प्रयास कर रही है। जिसे भाजपा कतई सहन नहीं करेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्वयं अपना मूल्यांकन करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया के नेतृत्व में कार्यकर्ता शनिवार को तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में जिलाध्यक्ष गाड़िया ने कहा की कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गई है, वह सरकार के चहुमुखी विकास और सरकार के एतिहासिक जनहितकारी निर्णयों से भयभीत है, सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए अंतिम छोर तक विकास को पहुंचा रही है, जिसे विपक्ष सहन नही कर पा रहा है। इसलिए जबरन झूठे मुद्दों को हवा देकर



विपक्ष बिना किसी मतलब के राजनीति कर रहा है। विगत दिनों चंपावत में नाबालिक के मामले में कांग्रेस ने झूठी राजनीति कर बीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन किया था, लेकिन अंत में वह मामला फर्जी निकला है।

कांग्रेस बगैर जांच के ही दूसरे को दोषी बताने में जुटी रहती हैं। जिस कारण कांग्रेस की नैया लगातार डूबते जा रही है। उन्होंने विपक्षी कांग्रेस को डूबता जहाज बताते हुए खुद तिनके के सहारे चलने वाली नाव बताया।कहा कि जनता कांग्रेस से त्रस्त है, कांग्रेस के झूठे दावों का स्वयं उन्हें जनता जनार्दन जबाब दे देती है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की भर्त्सना करते हुए कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया।

इस मौके पर पूर्व जिपं अध्यक्ष दीपा आर्या व बसंती देव, बिमला कपकोटी, आशा फुलारा, ज्योति, दीप नारायण, सुनीता टम्टा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आर्दश कठायत,भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार,युवा नेता अक्षय चन्याल, विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास,दीपक खेतवाल, रवि करायत,विवेक तिवारी,धीरेंद्र परिहार, दीपक घस्याल, अंकित नगरकोटी,दयाल जोशी, पंकज मेहता,आदि मौजूद रहे।

## महिला अपराधों में बढ़ोतरी पर हेमवती नन्दन दुर्गापाल ने धामी सरकार को घेरा



**लालकुआँ, पर्वत प्रेरणा ब्यूरो ।** हेमवती नन्दन दुर्गापाल ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और बढ़ते महिला अपराधों को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। लालकुआँ स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती और महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार अपराध रोकने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में अब तक पीडि़त परिवार को न्याय नहीं मिल पाया है। इसके अलावा प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार इजाफा हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चंपावत, अल्मोड़ा, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार और पौड़ी गढ़वाल समेत कई जिलों में महिलाओं से जुड़े अपराधों में सत्ताधारी दल से जुड़े लोगों के नाम सामने आए हैं। दुर्गापाल ने कहा कि भाजपा नेताओं पर महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म, उत्पीड़न और हत्या जैसे गंभीर आरोप लगे हैं, जिससे आम जनता अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अपराधियों पर अंकुश लगाने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल कागजों में कानून व्यवस्था को बेहतर दिखाने का प्रयास कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल सरकार का सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने पुष्कर सिंह धामी से इस्तीफे की मांग करते हुए जनता से माफी मांगने को कहा। साथ ही बढ़ते अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीडि़तों को जल्द न्याय दिलाने की मांग की। दुर्गापाल ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जायेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड निस्तारण

## करोड़ों रुपये के मामलों का हुआ समाधान

**उत्तरकाशी ( मोहन सिंह राणा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी द्वारा माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार शनिवार को जिला न्यायालय परिसर उत्तरकाशी तथा बाह्य न्यायालय पुरोला एवं बड़कोट में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। लोक अदालत का आयोजन माननीय जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी मलिक मजहर सुल्तान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें विविध मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में वादकारियों ने भाग लिया और आपसी सहमति के माध्यम से वर्षों से लंबित मामलों का समाधान हुआ। जिला न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, फौजदारी, राजस्व एवं प्री-लिटिकेशन से जुड़े मामलों का निस्तारण कर करोड़ों रुपये की समझौता धनराशि तय की गई। जिला जज मलिक मजहर सुल्तान की पीठ संख्या-




01 में कुल 30 वादों का सफल निस्तारण किया गया। इनमें 09 वाद कुटुंब न्यायालय तथा 01 वाद मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित था। इस पीठ में कुल 55 लाख 11 हजार 13 रुपये की समझौता धनराशि तय की गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभय सिंह की पीठ संख्या-02 में 28 वादों का निस्तारण किया गया, जिनमें 9 लाख 38 हजार 960 रुपये की समझौता धनराशि तय हुई। वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट करिश्मा डंगवाल की पीठ संख्या-03 में 21 वादों का सफल निस्तारण हुआ, जिसमें 8 लाख 48 हजार 900 रुपये की धनराशि पर समझौता हुआ। इसी पीठ में प्री-लिटिकेशन के 20 मामलों का भी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण करते हुए 11 लाख 53 हजार 500 रुपये की समझौता धनराशि तय की गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरोला विवेक शर्मा की पीठ संख्या-04 में 19 वादों का सफल निस्तारण हुआ, जिसमें 18 लाख 53 हजार 500 रुपये की समझौता धनराशि तय की गई। इसके अतिरिक्त इस पीठ में प्री-लिटिकेशन के 23 मामलों का भी आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण कर 13 लाख 09 हजार रुपये की धनराशि तय की गई। उप जिलाधिकारी भटवाड़ी शालिनी नेगी की पीठ संख्या-05 में भी 15 वादों का सफल निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों के त्वरित एवं सरल समाधान को लेकर वादकारियों में उत्साह देखने को मिला। सचिव सचिन कुमार ने कहा कि लोक अदालतें न्याय प्राप्ति का सुलभ एवं प्रभावी माध्यम हैं, जहां आपसी सहमति से विवादों का निस्तारण कर समय और धन दोनों की बचत होती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन से भविष्य में भी लोक अदालतों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई।

## राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान से जुड़ रहे हजारों विद्यार्थी

**देहरादून।** डॉ. अतुल कृष्ण के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के तहत उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति, नैतिक मूल्यों और अनुशासित जीवन शैली के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अब तक 101 से अधिक विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर करीब 50 हजार छात्र-छात्राओं को संबोधित किया जा चुका है। अभियान से जुड़े डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रथम की भावना विकसित करना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रमों के दौरान छात्रों को देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों के संघर्ष और त्याग से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को यह शपथ भी दिलाई जा रही है कि वे अपने जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे तथा किसी भी प्रकार के अनैतिक कार्य से दूर रहेंगे। अभियान के माध्यम से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और नैतिकता की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण का मानना है कि केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं, बल्कि संस्कारित और चरित्रवान नागरिकों का निर्माण ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उनके नेतृत्व में अभियान लगातार विस्तार ले रहा है और विद्यालयों से भी इसे सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। अभियान से जुड़े विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रबंधकों को उनके सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए जाने की तैयारी भी की जा रही है। अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि यह पहल युवाओं में सकारात्मक सोच और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# महापौर ने किया सब्जी मण्डी पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास

## करीब 50 लाख की लागत से मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रूद्रपुर ।** शहर की सबसे पुरानी सब्जी मण्डी अब जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नये स्वरूप में नजर आएगी। वर्षों से अव्यवस्थाओं और मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रही सब्जी मण्डी के पुनर्निर्माण कार्य का शनिवार को महापौर विकास शर्मा ने विशाल जनसमूह और व्यापारियों की मौजूदगी में विधिवत शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान सब्जी मण्डी के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने महापौर का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया तथा उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग और आशीर्वाद से रूद्रपुर की ऐतिहासिक और सबसे पुरानी सब्जी मण्डी का करीब 50 लाख रुपये की लागत से कायाकल्प होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि दशकों से यहां के व्यापारी और खरीददारी के लिए आने वाले लोग बदहाल व्यवस्थाओं के बीच काम करने को मजबूर थे। बरसात के दिनों में हालत और भी खराब हो जाती थी। जलभराव, कीचड़ और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण व्यापारियों के साथ साथ ग्राहकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

महापौर ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने व्यापारियों से सब्जी मण्डी के पुनर्निर्माण और सुविधाओं के विस्तार का वादा किया था और आज उसी संकल्प को धरातल पर उतारने की शुरुआत हो गई है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं बल्कि व्यापारियों और आम जनता को बेहतर और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि पुनर्निर्माण कार्य के तहत सब्जी मण्डी में आधुनिक शेड का निर्माण कराया जाएगा, जिससे गर्मी, बरसात और खराब मौसम में व्यापारियों और ग्राहकों को राहत मिलेगी। इसके अलावा प्रत्येक व्यापारी के लिए अलग अलग व्यवस्थित स्टॉल बनाए जाएंगे। हर स्टॉल में पानी की टंकी और बिजली कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।नई मण्डी में दोनों किनारों पर नालियां बनेंगी। और दोनों किनारों पर 16 फिट की सड़क होगी। मध्य में रोड से दो फिट उपर प्लेटफार्म बनेगा। जिसमें 6गुणा छह फिट की कार्ट बनाई जायेगी। कार्ड की मध्य से उंचाई आठ फिट रहेगी। पानी की सप्लाई के लिए बीच बीच में एक हजार लीटर के दो टैंक खे जायेंगे। प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर लाईट की व्यवस्था की जायेगी। मण्डी के प्रवेश द्वार पर भव्य गेट बनाया जायेगा। साथ ही मण्डी परिसर में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था और आवागमन को भी बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक निर्माण कार्य नहीं बल्कि रूद्रपुर के व्यापारिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।

महापौर ने कहा कि नगर निगम रूद्रपुर को आधुनिक और स्मार्ट शहर बनाने के लिए लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग से रूद्रपुर में कई बड़ी विकास योजनाएं तेजी से धरातल पर उतर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती बल्कि हर वादे को पूरा करने का काम करती है।उन्होंने कहा कि रूद्रपुर के विकास के लिए मुख्यमंत्री द्वारा कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिन पर तेजी से कार्य शुरू हो चुका है। अटरिया मोड़ से इंदिरा कॉलोनी रोड तक मिनी बाईपास निर्माण, गंगापुर रोड और भूरारानी रोड का चौड़ीकरण, नगर निगम का बहुमंजिला हाईटेक भवन, गांधी पार्क का सौंदर्यीकरण और शहर की यातायात एवं आधारभूत संरचना को मजबूत करने से जुड़े कई बड़े कार्य जल्द ही रूद्रपुरवासियों को समर्पित किए जाएंगे।महापौर ने कहा कि नगर निगम आने वाले समय में शहर के बाजारों, पार्कों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को और अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाने की दिशा में भी कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर को उत्तराखंड के सबसे व्यवस्थित और विकसित शहरों में शामिल करना नगर निगम की प्राथमिकता है।इस अवसर पर मुख्य बाजार भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, देवभूमि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र अरोरा, वरिष्ठ नेता वेद ठुकराल, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी,वरिष्ठ नेता धर्म सिंह कोली, सुरेश कोली, नरेश सागर, पार्षद इंद्रजीत सिंह, पार्षद प्रमोद शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि मानवेंद्र राय, रेनू जुनेजा, ममता त्रिपाठी, किशन सुखीजा, शेर सिंह, बनवारी लाल, नंद लाल, पूरन लाल, धर्मेन्द्र कोली, राम प्रकाश, विश्वनाथ मौर्य, विनोद गुप्ता, बाबू कोली, तसव्वर, कमलेश गुप्ता, रोहताश, यादराम, राजा राम, गौतम कोली, भूरा, प्रेम शंकर समेत तमाम व्यापारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दहेज के लिए प्रताड़ना, विवाहिता ने पति समेत पांच पर दर्ज कराया मुकदमा

**सितारगंज।** क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति, सास-ससुर और दो जेठों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ति करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मगरसड़ा गांव निवासी मलकीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह मार्च 2020 में गुरजीत सिंह के साथ हुआ था। विवाह के समय मायके पक्ष ने अपनी क्षमता अनुसार घरेलू सामान और अन्य उपहार दिए थे, लेकिन कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि उससे बुलेट बाइक और सोने की अंगूठियां लाने का दबाव बनाया गया। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और कई बार मारपीट भी की गई। आरोप है कि पति गुरजीत सिंह, सास निर्मल कौर, ससुर बलविंदर सिंह तथा दोनों जेठ जोगा सिंह और राजवीर सिंह लगातार उसे मानसिक रूप से परेशान करते रहे। पीड़िता के अनुसार दो बेटियों के जन्म के बाद ससुराल पक्ष का रवैया और कठोर हो गया। उसे बच्चों सहित घर से निकाल दिया गया और उसके जेवर व अन्य सामान भी वापस नहीं किए गए। महिला ने आरोप लगाया कि मायके में रहने के दौरान उसके पति ने दूसरी महिला से विवाह कर लिया। इस मामले को लेकर गांव में पंचायत भी हुई थी, जिसमें पति ने पत्नी को साथ रखने का आश्वासन दिया था, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ।

# पूर्व सैनिक संगठन के प्रयास से सेना भर्ती में प्रदेश के हजारों युवाओं को मिलेगा फायदा



**पिथौरागढ़।** पूर्व सैनिक संगठन पिथौरागढ़ द्वारा वर्ष 2022 से लगातार उठाई जा रही एक महत्वपूर्ण मांग का अब समाधान हुआ है। संगठन द्वारा उत्तराखंड बोर्ड के विद्यार्थियों के भविष्य एवं अग्निवीर सेना भर्ती में आ रही तकनीकी बाधाओं को गंभीरता से उठाते हुए विभिन्न स्तरों पर पत्राचार एवं संवाद किया गया था। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर की अंक प्रणाली के अनुसार छठे अतिरिक्त विषय के अंक कुल प्रतिशत में नहीं जोड़े जाते थे, जबकि सेना भर्ती प्रक्रिया में सभी 6 विषयों के अंक जोड़े जाने के कारण उत्तराखंड बोर्ड के हजारों योग्य युवा, 45 प्रतिशत कुल अंक एवं प्रत्येक विषय में निर्धारित 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के बावजूद केवल तकनीकी कारणों से भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे थे।

पूर्व सैनिक संगठन पिथौरागढ़ ने इस विषय को युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर मामला मानते हुए लगातार संबंधित विभागों, डायरेक्टेट जनरल ऑफ रिक्रूटिंग, उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर एवं भर्ती अधिकारियों के समक्ष मजबूती से रखा। संगठन की मांग पर सकारात्मक विचार करते हुए अब भर्ती प्रक्रिया में अतिरिक्त विषय को हटाकर केवल मुख्य पाँच विषयों के अंकों को ही मान्यता प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है।

इस निर्णय से उत्तराखंड के हजारों युवाओं को सेना भर्ती में अवसर प्राप्त होंगे तथा वे अब अपनी योग्यता के आधार पर सेना में भर्ती हेतु प्रयास कर सकेंगे।

संगठन ने इस महत्वपूर्ण एवं युवा हितैषी निर्णय के लिए डायरेक्टरेट जनरल ऑफ रिक्रूटिंग तथा एआरओ पिथौरागढ़ के माध्यम से भारतीय सेना का आभार व्यक्त किया है। पूर्व सैनिक संगठन का मानना है कि यह निर्णय सीमांत एवं पर्वतीय क्षेत्रों के युवाओं के हित में एक ऐतिहासिक कदम है जिससे न केवल युवाओं का मनोबल बढ़ेगा बल्कि सेना में उत्तराखंड के युवाओं की भागीदारी भी और अधिक मजबूत होगी। संगठन ने भविष्य में भी युवाओं एवं पूर्व सैनिकों से जुड़े मुद्दों को इसी प्रकार मजबूती से उठाने का विश्वास दिलाया है।ज्ञापन देने वालों में संगठन के अध्यक्ष मयूख भट्ट, देव सिंह भाटिया तथा श्याम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देश पर शनिवार को जनपद के न्यायालयों, वाह्य न्यायालयों और तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक



अदालत में मामलों के निस्तारण के लिए कुल चार बेंच गठित की गई थीं। परिवार न्यायालय की बेंच में वैवाहिक और पारिवारिक विवादों से जुड़े तीन लंबित मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। इसमें कुल 2.96 लाख रुपये की समझौता राशि तय हुई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की बेंच में आपराधिक कंपाउंडेबल, ट्रैफिक चालान और बैंक प्री-लिटिगेशन से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। इस बेंच में कुल 99 मामलों का निस्तारण हुआ, जिसमें ट्रैफिक चालान, आपराधिक मामलों और बैंक प्री-लिटिगेशन मामलों सहित कुल 46.05 लाख रुपये से अधिक की समझौता राशि तय की गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट की बेंच में ट्रैफिक चालान, सिविल, एनआई एक्ट और पारिवारिक मामलों सहित कुल 14 मामलों का निस्तारण किया गया। इन मामलों में 37.92 लाख रुपये से अधिक की सुलह समझौता राशि रही। रानीखेत में गठित बेंच में एनआई एक्ट और पारिवारिक मामलों से जुड़े सात मामलों का निस्तारण किया गया। यहां कुल 62.57 लाख रुपये की समझौता राशि तय हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद अल्मोड़ा और वाह्य न्यायालयों में कुल 53 लंबित वादों और बैंक प्री-लिटिगेशन से जुड़े 70 मामलों का निस्तारण किया गया। लंबित वादों में कुल 1.03 करोड़ रुपये से अधिक तथा प्री-लिटिगेशन मामलों में 45.62 लाख रुपये की सुलह समझौता राशि तय हुई।

## रामनगर टाइगर्स और हल्द्वानी चैलेंजर्स की फाइनल में पहुंचने की उम्मीद मजबूत

**अल्मोड़ा।** रानीखेत टेनिस टीम चैम्पियनशिप 2026 के दूसरे दिन शनिवार को खेले गए मुकाबलों में हल्द्वानी चैलेंजर्स और रामनगर टाइगर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में पहुंचने की अपनी दावेदारी मजबूत कर ली। प्रतियोगिता सचिव अरविंद साह और प्रबंधक गौरव पांडेय ने संयुक्त रूप से बताया कि हल्द्वानी चैलेंजर्स ने नैनीताल रेड के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। हल्द्वानी के विकास पांडेय और देवेंद्र सिंह बिष्ट की जोड़ी ने नैनीताल सिटी के अमर जगाती और अमित जोशी को 6-4 से हराया। वहीं सहर्ष पांडेय और रजत कुमार सती ने नैनीताल रेड की जोड़ी अमित खुल्वे और रवि तेजा को 6-0 से पराजित किया। ए पूल में रामनगर टाइगर्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। रामनगर के मानस तिवारी और मोहित सिंह राठौर ने रुद्रपुर हिमालयंस के डॉ. रितेश शर्मा और हेमंत सिंघल को 6-3 से हराया। वहीं नमित तिवारी और प्रखर तिवारी की जोड़ी ने रानीखेत गुलदार के अनुज अग्रवाल और कृष्णा को 6-0 से शिकस्त दी। आयोजकों के अनुसार शुक्रवार शाम वर्षा के बाद फ्लडलाइट में खेले गए निर्णायक मुकाबले में रामनगर ने रुद्रपुर को 6-4 से हराकर मैच 2-1 से अपने नाम किया था। टूर्नामेंट डायरेक्टर सुमित गोयल ने बताया कि सभी सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले रविवार को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण लेफ्टिनेंट जनरल मोहन चंद्र भंडारी करेंगे, जबकि एसएसबी के आईजी अमित कुमार विशिष्ट अतिथि रहेंगे। प्रतियोगिता के दौरान उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन देहरादून के वाइस प्रेसिडेंट देवेंद्र सिंह रावत, ज्वाइंट सेक्रेटरी हेम कुमार पांडेय, एक्जीक्यूटिव मेंबर अमर जगाती, बीएमएस बिष्ट, एसडी सती और सेवानिवृत्त प्रोफेसर अनिल जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नाबालिग को मोहरा बनाकर प्रदेश को किया शर्मशार: भाजपा

**पिथौरागढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश महर की अध्यक्षता में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सिल्थाम चौराहे पर कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक गरीब व नाबालिग बेटी को मोहरा बना कर उत्तराखंड को शर्मसार करने का कार्य किया है और जो भी कांग्रेस के नेता इस प्रकरण में संलिप्त हैं उनको जेल की सलाखों में डाल देना चाहिए। उमेश महर ने कहा कि आज सच जनता के सामने है। आने वाले चुनावों में विपक्ष का बंगाल से भी ज्यादा बुरा हाल उत्तराखंड की जनता करेगी। भाजपा की लोकप्रियता कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। तभी उनके नेता षड्यंत्र करके भाजपा को बदनाम कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश मंत्री दीपिका बोहरा ने कांग्रेस को महिला विरोधी पार्टी बताया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता में भ्रम पैदा कर राजनीति करते आई है। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बिरेन्द्र बोहरा, जिला मंत्री रघुवीर सिंह बिष्ट, नगर अध्यक्ष विप्लव शाह, विक्रम वाल्मीकि,ललित भट्ट, विनोद भट्ट, रवि जंग, सुभाष जोशी, राम सिंह बिष्ट, आशीष हार्वर्ड, पुष्पा सौन, नवीन भंडारी, राजेन्द्र भट्ट , पुष्कर भाटिया, रोहन बिष्ट, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

# चंपावत प्रकरण में गर्माई राजनीति कांग्रेस ने भाजपा सरकार का फूंका पुतला

## कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद महरा पर मुकदमा दर्ज करने पर कांग्रेस में आक्रोश



**लोहाघाट।** चंपावत में हुए नाबालिग दुष्कर्म प्रकरण पर चंपावत जिले में सियासत गरमा गई है। जहा कल चंपावत में भाजपा ने कांग्रेस पर इस प्रकरण का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया था। जिस पर कांग्रेस तिलमिला उठी आज रविवार को कांग्रेस विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के निर्देश पर यूथ कांग्रेस व कांग्रेस ने लोहाघाट के वीर कालू सिंह चौराहे पर भाजपा पर दुष्कर्म प्रकरण में नामजद बनाए गए भाजपा नेताओं को बचाने का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए भाजपा का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा नाबालिग से हुए दुष्कर्म मामले में भाजपा नेता सहित तीन लोगों को पुलिस के द्वारा नामजद किया गया था। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा शासन के दबाव में चंपावत पुलिस के द्वारा तीनों आरोपियों को सा? बचा लिया गया है तथा 24 घंटे के भीतरी पुलिस ने मामले का पर्दाफाश कर दिया है। जिसमें पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल रावत उसकी महिला मित्र और अर्जिता राय को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा भाजपा ने षडयंत्र रचकर कांग्रेस के प्रदेश सचिव आनंद महरा को भी इस प्रकरण में जबरदस्ती आरोपी बनाया गया है। जिसकी कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा दोनों ही मामलों में भाजपा के नेता शामिल है और भाजपा कांग्रेस का पुतला फूक रही है मुख्यमंत्री अपने बयान में कांग्रेस को षड्यंत्रकारी बता रहे हैं जो कि निंदनीय है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कांग्रेस सिर्फ आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए प्रोटेस्ट कर रही है जो कि भाजपा को रास नहीं आ रहा है और भाजपा कांग्रेस पर इस शर्मनाक प्रकरण का ठीकरा फोड़कर अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा उनके प्रदेश सचिव महरा सिर्फ नाबालिग को न्याय दिलाने तथा पीड़ित परिवार की तहरीर पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे। जिस पर सत्ता के दबाव पर पुलिस ने उन पर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया है। जबकि दोनों ही जगह भाजपा नेता शामिल है कहा अपराध भाजपा नेता कर रहे हैं और ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ा जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा प्रदेश सचिव पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग की है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा अगर भाजपा एक बार कांग्रेस का पुतला दहन करेगी तो कांग्रेस चार बार भाजपा सरकार का पुतला दहन करेगी। कांग्रेस नेताओं ने चंपावत पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच करने तथा कांग्रेस प्रदेश सचिव पर लगाए गए झूठे मुकदमे को वापस लेने की मांग की है। साथ ही मामले में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। फिलहाल चंपावत मामले को लेकर भाजपा व कांग्रेस में एक प्रकार का वार छिड़ा हुआ है ऐसा लग रहा है दोनों पार्टियों के बीच पुतला दहन प्रतियोगिता चल रही है। पुतला दहन में यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष सक्षम अधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष लोहाघाट चांद बोहरा , प्रहलाद सिंह अधिकारी, भागीरथ भट्ट, एडवोकेट भुवन चौबे, शंकर बोरा, बब्लू महरा, पुष्पा बिष्ट ,भारतीय महरा, लता खर्कवाल ,रेखा देवपा, रेखा चतुर्वेदी ,लोकेश पांडे, अजय बिष्ट,यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चंचल राम ,मानव शार्की, भुवन बोरा, कार्तिक, राहुल ,निखिल ,रोहन आदि मौजूद रहे।

# गुरुकुलम एकेडमी में मातृत्व दिवस पर विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियाँ

**लोहाघाट।** मातृत्व दिवस के पावन अवसर पर गुरुकुलम एकेडमी में विशेष मॉर्निंग असेंबली एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।





पूरे विद्यालय परिसर में माँ के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कविताओं, गीतों और नृत्यों ने वातावरण को भावुक एवं उत्साहपूर्ण बना दिया ।कार्यक्रम का संचालन छात्रा काम्या जोशी ने प्रभावशाली ढंग से किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मातृत्व दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय की अंकिता पांडेय, मयंक नाथ, अथर्व पांडेय, समृद्धि पाटनी, वेदान्त पांडेय, सुनिधि चौहान एवं हयांशी ढेक सहित कई विद्यार्थियों ने माँ पर आधारित भावपूर्ण कविताएँ, गीत एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों को भावुक कर दिया तथा पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में भी मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों ने अपनी माताओं के लिए सुंदर शुभकामना कार्ड और चित्र बनाए, जबकि वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने कविता लेखन, निबंध लेखन, संदेश लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यालय कोऑर्डिनेटर कविता पुनेठा ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम सोमवार को घोषित किए जाएंगे तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षिका सुमन मेहता, नेहा दत्ता एवं दीपा कोठारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माँ का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। उन्होंने कहा कि माँ निस्वार्थ प्रेम, त्याग और संस्कारों की प्रतिमूर्ति होती हैं। शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सम्मान करने तथा उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहने का संदेश दिया। विद्यालय के सभी शिक्षक कार्यक्रम में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार में उत्साह और अपनत्व का विशेष माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्रबंधक राजेश पांडेय ने कहा कि माँ बच्चों की पहली गुरु होती हैं और उनके संस्कार ही समाज एवं राष्ट्र के भविष्य को दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में भी मातृत्व का महत्व कम नहीं हुआ है, आज बच्चों को परिवार और संस्कारों से जोड़ने की आवश्यकता पहले से अधिक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा देने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और संवेदनशीलता विकसित करने का केंद्र भी है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, परिवार और मानवीय मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी माताओं के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए मातृत्व दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 74 वादों का निस्तारण

## 2.43 करोड़ से अधिक राशि का हुआ सेटलमेंट




**चम्पावत ।** शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन अध्यक्ष जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत अनुज कुमार संगल की अध्यक्षता तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत भवदीप रावते के दिशा-निर्देशन में जिला न्यायालय परिसर, चम्पावत एवं बाह्य न्यायालय टनकपुर में संपन्न हुआ।राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला बार संघ चम्पावत एवं तहसील बार संघ टनकपुर के अधिवक्तागण, नामित सदस्यगण, पैनल अधिवक्तागण, विभिन्न बैंकों के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में आम जनमानस ने प्रतिभाग किया।

लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के आधार पर विभिन्न वादों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत गठित प्रथम पीठ में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चम्पावत द्वारा जिला न्यायालय चम्पावत में कुल 25 लंबित वादों का निस्तारण करते हुए 2,12,66,242/- की धनराशि का सेटलमेंट कराया गया। वहीं द्वितीय पीठ में सिविल जज जूनियर डिवीजन, टनकपुर न्यायालय द्वारा कुल 24 लंबित वादों का निस्तारण कर 5,04,400/- का सेटलमेंट किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कुल 49 लंबित वादों का सफल निस्तारण करते हुए कुल 2,17,70,642/- की धनराशि का सेटलमेंट कराया गया।इसके अतिरिक्त जनपद चम्पावत के समस्त न्यायालयों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर भी प्रभावी कार्यवाही करते हुए मनी रिकवरी से संबंधित कुल 25 वादों का निस्तारण किया गया, जिनमें 25,47,470/- की धनराशि का सेटलमेंट हुआ।जनपद के समस्त न्यायालयों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत एवं प्री-लिटिगेशन मामलों को मिलाकर कुल 74 वादों का निस्तारण किया गया तथा कुल 2,43,18,112/- की धनराशि का सेटलमेंट संपन्न हुआ। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय सुलभ, त्वरित एवं कम खर्चीला बनाने की दिशा में एक प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से पक्षकार आपसी सहमति से विवादों का समाधान प्राप्त कर समय एवं धन दोनों की बचत कर सकते हैं। साथ ही न्यायालयों में लंबित वादों के भार को कम करने में भी लोक अदालत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# आली विसराडी गांव में आपदा आने का मंडराया खतरा

**चंपावत।** जिले के विकास खण्ड बाराकोट के आली विसराडी गाँव में ग्रामीणों को मानसून काल में आपदा आने का डर सता रहा है। गुरुवार को क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से गांव में आपदा जेसे हालत पैदा हो गए थे ।बारिश का पानी व मलबा लोगों के घरों में घुस गया पूर्व में भी यहां आपदा जैसे हालात पैदा हो गए थे । ग्रामीणों ने प्रशासन से ग्राम पंचायत में आने वाले नाले में चेकडाम व सुरक्षा दिवाल लगाने की मांग की है। जिससे कि पानी की निकासी सुचारू बने रहे और पानी व मलवा लोगों के घरों तक ना पहुंचे। ग्राम प्रधान निर्मल नाथ गोस्वामी ने कहा लगातार हो रही बारिश से आली बिसराड़ी ग्राम पंचायत में लोगों के फल फूल व सब्जियां सब बर्बाद हो गई हैं और बारिश का पानी लोगों के घरों में घुसने से ग्रामीणों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। बारिश होते ही ग्रामीण दहशत में आ जाते हैं। ग्राम प्रधान ने प्रशासन से गांव की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द चेकडाम और सुरक्षा दीवार बनाकर पानी की निकासी अन्यत्र करने की मांग की गई है।

# सीएम धामी ने मंदिर के सौन्दर्यकरण को दी वित्तीय स्वीकृति

**चम्पावत ।** विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट अंतर्गत धार्मिक एवं पर्यटन महत्व के भिंगराड़ा मंदिर सील के सौन्दर्यकरण कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत भिंगराड़ा मंदिर सील का सौन्दर्यकरण योजना हेतु कुल 74.25 लाख की स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष अवशेष 29.70 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुमोदन मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री धामी की इस स्वीकृति से क्षेत्र में अपेक्षित सौन्दर्यकरण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा। योजना के अंतर्गत मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का विकास, आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं तथा क्षेत्र को आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के कार्य किए जाएंगे।भिंगरा?। मंदिर सील क्षेत्र धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी विशेष पहचान रखता है। ऐसे में इस सौन्दर्यकरण कार्य से न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित होने की भी संभावना है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार सीमांत एवं पर्वतीय क्षेत्रों में धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसी क्रम में चम्पावत जनपद में विभिन्न विकास योजनाओं को स्वीकृति देकर क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्रदान की जा रही है।

# यूकेडी का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

## पुतला दहन कर लगाए गंभीर आरोप

**बागेश्वर।** उत्तराखंड क्रांति दल की जिला कार्यकारिणी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शनिवार को बागेश्वर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने अग्निकुंड तिराहे पर सरकार का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की और कानून-व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा तथा भ्रष्टाचार के मुद्दों पर सरकार को घेरा।

जिलाध्यक्ष मनोज जोशी ने कहा कि राज्य गठन के ढाई दशक बाद भी उत्तराखंड में गुंडागर्दी, व्यभिचार और बलात्कार जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सफेदपोश नेताओं के संरक्षण के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और प्रदेश गैंगवार की दहलीज पर पहुंच चुका है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिले में हुए एनएच घोटाले का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। यूकेडी नेताओं ने डीएम के माध्यम से ज्ञापन भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है, जबकि शहरों में अराजक तत्व महिलाओं को निशाना बना रहे हैं।

इस दौरान भुवन कांडपाल, मनोज सिंह चौहान, विनोद चंद्र साह, पूरन सिंह रावत और लाल सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 12 से 15 मई तक लगेगा निशुल्क हृदय रोग चिकित्सा शिविर

**लोहाघाट।** मायावती धर्मार्थ चिकित्सालय में 12 से 15 मई तक विशेष निशुल्क हृदय रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कोलकाता से ख्याति प्राप्त हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.एस. चटर्जी विशेष रूप से पहुंचकर मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श देंगे। चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद जी महाराज ने क्षेत्रवासियों से इस निशुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए यह शिविर बेहद लाभकारी साबित होगा। शिविर में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए, लोहाघाट रोडवेज स्टेशन से मायावती चिकित्सालय तक निशुल्क बस सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह बस प्रतिदिन सुबह 10 बजे मायावती के लिए प्रस्थान करेगी तथा मरीजों को अस्पताल लाने और वापस छोड़ने का कार्य करेगी।

# मल्लिकार्जुन में हिंदी कार्यशाला का हुआ समापन



**पिथौरागढ़।** ऐंचोली स्थित मल्लिकार्जुन स्कूल में बच्चों की पत्रिका बाल प्रहरी के सहयोग से आयोजित हिंदी कार्यशाला के समापन समारोह में बाल कवि सम्मेलन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कवि सम्मेलन का संचालन हार्दिक तथा गौरी मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बाल कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कक्षा 7 के छात्र निशांत कलखुड़िया ने की। कवि सम्मेलन में संचालक आरती भट्ट सहित 35 बच्चों ने पिथौरागढ, मेरा स्कूल, पानी की बरबादी, फूल, पर्यावरण, मल्लिकार्जुन स्कूल, भोजन की बरबादी, कूड़ा दान, स्वच्छता अभियान, बादल, मेरा गांव, फास्ट फूड आदि विषयों पर कार्यशाला में तैयार अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ किया। समूचे कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7 के छात्र मानव पुनेठा ने किया। समापन समारोह में बच्चों द्वारा सोर दर्पण, पिथौरागढ़ दर्पण, बाल प्रहरी, नया जमाना, बाल वाटिका, बाल भारती, बालिका स्वर, नव प्रभात, नई ज्योति, नव ज्योति, बाल भारती, नई किरण, किशोरी स्वर, बाल विचार, सूरज, अभिव्यक्ति आदि नामों से तैयार हस्तलिखित पुस्तकों की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बाल प्रहरी पत्रिका के संपादक उदय किरौला द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक मोबाइल टन टना टन टन ने बढ़ती हुई मोबाइल संस्कृति पर व्यंग्य किया। उदय किरोला द्वारा निर्देशित नाटक कुदरत का विज्ञान के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया।

बच्चों ने केदार नाथ अग्रवाल का गीत इसी जनम में, सफदर हाशमी का गीत किताबें करती हैं बातें, ज्ञान का दीया जलाने तथा मैं तुमको विश्वास दूं गीत समूह में प्रस्तुत किया। समापन समारोह के प्रारंभ में बच्चों ने ओरेगैमी के तहत अखबार से बने मुकुट अतिथियों को पहनाए। अतिथियों ने बच्चों की हस्तलिखित पुस्तकों का लोकार्पण भी किया।

उदय किरौला ने बताया कि नई शिक्षा नीति में अब बच्चे क्या, क्यों तथा कैसे सवाल करेंड़ इस से संबंधित पाठ्यक्रम डिजाइन किया गया है। विज्ञान के आज के दौर में भी गांवों में भूत पिशाच के नाम पर लोग काफी पैसा खर्च कर रहे हैं। बच्चों के मन में बचपन से क्यों कैसे तथा क्या सवाल करने की क्षमता विकसित होना जरूरी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के आज के दौर में हम देश विदेश की भाषाओं को सीखें। परंतु हमें राष्ट्र भाषा हिंदी व आंचलिक दुदबोली को भी आगे बढ़ाना होगा। बाल प्रहरी के संपादक उदय किरौला ने ओरेगैमी के तहत अखबार के मोड़ से सरल भाषा में रेखा गणित को समझाया। वाद- विवाद वाले सत्र में गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ना चाहिए विषय पर बच्चों ने पक्ष व विपक्ष में अपने अपने विचार व्यक्त किए। मल्लिकार्जुन स्कूल की प्रधानाचार्य दीप्ति भट्ट ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

# सेवालय समिति के वार्षिक उत्सव में दिव्यांग बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग



**हल्द्वानी।** कठघरिया स्थित एक बैंकट हॉल में सेवालय समिति द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज पाठक ने दिव्यांग बच्चों के बीच समय बिताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और जीवन के प्रति सकारात्मक सोच की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि दिव्यांगजन समाज की शक्ति हैं और उनके सम्मान, सहयोग एवं सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

कार्यक्रम में समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की भी प्रशंसा की गई। अतिथियों ने समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रयासों को प्रेरणादायी बताया।

इस अवसर पर रोहित जोशी, श्रीमती नीमा बिष्ट, श्रीमती भावना मजगई तथा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आदरणीय जीवन जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

# ज्ञान और संस्कार की यात्रा



वेदों की मधुर वाणी गूँजे,
मंत्रों से आँगन महके
संस्कारों की पावन धारा में,
एक नन्हा जीवन चहके चहके।

माथे पर तेज तपोवन जैसा,
नयनों में निर्मल उजियारा
आज दक्क्षीष के उपनयन का,
घर-आँगन में शुभ नज़ारा ॥

गणपति बप्पा मंगल गाएँ,
ऋषियों का आशीष उतर आए।
गायत्री माता की छाया में,
ज्ञान-सूर्य फिर से मुस्कराए॥

जनेऊ केवल धागा नहीं,
जीवन का अनुशासन है।
सद्गुण, सेवा, सत्य, साधना,
भारतीयता का अभिनंदन है॥

अग्नि साक्षी, वेद पुकारें
कर्तव्य पथ पर बढ़ते जाना।
धर्म, करुणा, विनय साथ लेकर,
मानवता का दीप जलाना॥

माँ की आँखों में स्नेह झलके,
पिता का गर्व अपार हुआ।
कुल-परंपरा के इस उत्सव से,
हर मन आज साकार हुआ॥

आओ मिलकर शुभाशीष दें,
जीवन मंगलमय हो जाए।
शिवमय सत्य ज्ञानदीप बनकर,
जग में अपना नाम कमाए॥

**प्रेम नेचुरल, पिथौरागढ़**

## बिना सत्यापन मजदूर रखने पर ठेकेदार का चालान

**अल्मोड़ा।** ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत लमगड़ा पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना पुलिस सत्यापन मजदूर रखने पर एक ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच हजार रुपये का नगद चालान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर जिलेभर में बाहरी मजदूरों, फड़-फेरी लगाने वालों और किरायेदारों के सत्यापन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह के मार्गदर्शन और सीओ अल्मोड़ा बलवन्त सिंह रावत के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष लमगड़ा प्रमोद पाठक ने पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक ठेकेदार द्वारा बिना पुलिस सत्यापन मजदूर रखने का मामला सामने आने पर उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के तहत पांच हजार रुपये का नगद चालान किया गया।

# गोठा के जंगल में मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव, बीते शाम से था लापता



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** गोठा क्षेत्र के जंगल में 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है, जो बीते शाम से लापता बताए जा रहे थे। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार शनिवार को घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने गोठा क्षेत्र के जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बाद में शव की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## नाबालिगों को नशा बेचने वालों पर सख्ती सराहनीय : गुरुरानी

**अल्मोड़ा।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव गुरुरानी ने नाबालिगों को नशे का सामान बेचने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए ऐसे लोगों पर सख्ती जरूरी है। उन्होंने कहा कि हाल में जिलाधिकारी अंशुल सिंह द्वारा सड़क पर उतरकर नाबालिगों को नशे का सामान बेचने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई समाजहित में सराहनीय पहल है। गुरूरानी ने फुटकर व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार के नशे और तंबाकू उत्पाद न बेचें। उन्होंने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने में प्रशासन और व्यापारियों दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही जिला प्रशासन से तंबाकू उत्पादों की जमाखोरी पर भी प्रभावी कार्रवाई की मांग की। गुरूरानी ने आरोप लगाया कि तंबाकू उत्पादों पर सेस लगाए जाने के बाद कुछ थोक व्यापारी मूल्य परिवर्तन की आड़ में जमाखोरी कर रहे हैं, जिससे बाजार में मूल्य को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर फुटकर व्यापारियों को निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर तंबाकू उत्पाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं और बिना बिल के सामान दिया जा रहा है। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से थोक स्तर पर तंबाकू उत्पादों के मूल्य सार्वजनिक रूप से निर्धारित करने की मांग की, ताकि फुटकर व्यापारियों का शोषण रोका जा सके। गुरूरानी ने कहा कि यदि जमाखोरी और मूल्य निर्धारण पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो फुटकर व्यापारियों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई का विरोध किया जाएगा।

## मातृ शक्ति दिवस पर सम्मान और अभिनंदन समारोह आयोजित



**रुद्रपुर।** मातृ दिवस के पावन अवसर पर रुद्रपुर स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में मातृशक्ति सम्मान एवं सेवा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्ति के सम्मान एवं अभिनंदन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित माताओं एवं महिलाओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके योगदान को नमन किया गया। उपस्थित जनों ने मातृशक्ति के सम्मान में तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया।

भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों, जरूरतमंदों एवं उपस्थित जनों के लिए मीठे शरबत की छबील लगाई गई, जहां सैकड़ों लोगों को शीतल शरबत वितरित किया गया। साथ ही भोजन एवं मिष्ठान वितरण कर सेवा कार्य भी किया गया। पूरे कार्यक्रम में सेवा, संस्कार और सम्मान की सुंदर झलक देखने को मिली इस अवसर पर भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने कहा कि मातृशक्ति समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। माँ केवल परिवार का पालन-पोषण ही नहीं करती, बल्कि अपने त्याग, ममता और संस्कारों से आने वाली पीढ़ियों का निर्माण करती है। भारतीय संस्कृति में सदैव मातृशक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और माताओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य ही नहीं बल्कि सौभाग्य भी है। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस हमें अपनी माँ एवं समस्त मातृशक्ति के प्रति सम्मान, सेवा और कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। हमें हर दिन मातृशक्ति का सम्मान करना चाहिए और उनके आशीर्वाद से समाज एवं राष्ट्र को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में बीना चड्ढा, भाजपा नेत्री ममता त्रिपाठी, मंडल कोषाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रजनी रावत, गरिमा सिंह, पूजा मित्तल, दीपिका गर्ग, ज्योति गर्ग, सुनीता, आशा मुंजाल, मंजू नेगी, राखी कुमारी, रीता शर्मा, सुमन थपलियाल, सुनीता रानी, दिव्यांशी पचौरी, कृतिका पचौरी, दीपिका मित्तल कुशल अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अमित जैन, वरिष्ठ प्रमोद यादव, निखिल चंडोक, करण चंडोक, नितिन अग्रवाल, अमित मित्तल, मनीष मित्तल एडवोकेट, सुनील पचौरी, अनुराग शर्मा, अनुज गर्ग, अजय शर्मा, श्रीओम अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, सुधीर डागर, प्रवीण जैन एवं शिवम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।